# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना

(DEPT. OF HR & ADMINISTRATION)

**(Regd. Office:- Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**

Contact No.: 7763817975,7763818077, email-dgmhr1015.bsptcl@gmail.com, website-www.bsptcl.in

TIN VAT NO-10011257007, TIN CST NO-10011146136, CIN- U74110BR202SGC018889


संकल्प संख्या- 633 पटना, दिनांक- 07/03/2025

T-I/DP/EEE-23015/2025

श्रीमती निमिषा कुमारी (Emp.ID- E01122), तदेन विद्युत कार्यपालक अभियंता (SLDC) सम्प्रति प्रभारी विद्युत अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के विरुद्ध इस कार्यालय के संकल्प सं. 3184 दिनांक 06.12.2024 के साथ संलग्न आरोप पत्र में विनिर्दिष्ट कर्तव्यहीनता एवं लापरवाही यथा दिनांक 18.12.2021 से 06.08.2024 तक (कुल 963 दिन) कार्यालय से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने के आरोप पर विभागीय कार्यवाही संचालित की गई। उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री सुनील कुमार झा, सेवानिवृत्त उप विकास आयुक्त, बिहार सरकार को जाँच पदाधिकारी एवम् श्री आशीष कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा-1, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

श्री सुनील कुमार झा, जाँच पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरांत जाँच प्रतिवेदन उनके पत्रांक 17 दिनांक 29.01.2025 द्वारा समर्पित किया गया। जाँच पदाधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन में आरोपी पदाधिकारी श्रीमती निमिषा कुमारी के विरुद्ध लगाये गये आरोप को अंशतः प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन, उपस्थापन पदाधिकारी के लिखित प्रतिवेदन एवं आरोपी के लिखित प्रतिवेदन, गवाहों के गवाही एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों की पूर्णरुपेण समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से निम्न बिंदुओं पर असहमत होते हुए सक्षम प्राधिकार के आदेशानुसार संकल्प संख्या 350 दिनांक 05.02.2025 द्वारा श्रीमती निमिषा कुमारी से द्वितीय कारण पृच्छा करने का निर्णय लिया गया।

(i) किसी प्रकार के अवकाश का दावा अधिकारपूर्वक नहीं किया जा सकता। सामान्यतः अवकाश की स्वीकृति के उपरांत ही अवकाश में प्रस्थान किया जाना है। अवकाश की स्वीकृति के बिना एक लम्बी अवधि तक अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहना एक विद्युत कार्यपालक अभियंता जैसे वरीय पदाधिकारी से अपेक्षित न्यूनतम आचरण के प्रतिकूल है।

(ii) श्रीमती निमिषा कुमारी का उक्त आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली- 1976 की कंडिका-3 (1) (iii) के प्रतिकूल है।

श्रीमती निमिषा कुमारी द्वारा उक्त द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब दिनांक 19.02.2025 को समर्पित किया गया। सक्षम प्राधिकार द्वारा श्रीमती निमिषा कुमारी द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा जवाब में उल्लेखित तथ्यों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत यह पाया गया कि श्रीमती निमिषा कुमारी द्वारा पूर्व में समर्पित स्पष्टीकरण जवाब में उल्लेखित तर्कों/तथ्यों को ही दोहराया गया है तथा उनके द्वारा अपने बचाव में कोई नया तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(कृ.पृ.उ.)

श्रीमती निमिषा कुमारी (Emp.ID- E01122), तदेन विद्युत कार्यपालक अभियंता (SLDC) सम्प्रति प्रभारी विद्युत अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना का यह कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के कंडिका 3(1)(iii) का उल्लंघन है। अतः सक्षम प्राधिकार द्वारा श्रीमती कुमारी के ***'अगले दो वेतनवृद्धि को संचयी प्रभाव से रोके जाने'*** की शास्ति अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार, श्रीमती निमिषा कुमारी, प्रभारी विद्युत अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के ***'अगले दो वेतनवृद्धि को संचयी प्रभाव से रोके जाने'*** की शास्ति अधिरोपित की जाती है।

**आदेश-** आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति श्रीमती निमिषा कुमारी, प्रभारी विद्युत अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को अग्रसारित किया जाय।

आदेशानुसार,

ह./-
(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक- ____________________ /पटना दिनांक- __________________

प्रतिलिपि- अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह./-
(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक- ____________________ /पटना दिनांक- __________________

प्रतिलिपि- महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह./-
(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक- 634 /पटना दिनांक- 07/03/2025

प्रतिलिपि- निदेशक (परियोजना)/ निदेशक (परिचालन)/सभी मुख्य अभियंता/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ उपमहाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/सभी महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियंता, संचरण जोन/प्रशासक (मास्टर ट्रस्ट), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/डी.बी.ए./सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमंडल/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल/सभी लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल/लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/सभी अवर सचिव/प्रशासी पदाधिकारी (ERP)/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ श्रीमती निमिषा कुमारी (Emp.ID- E01122), प्रभारी विद्युत अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, BSPTCL से अनुरोध है कि इसे कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

07.3.25

(दीपक कुमार)

उप सचिव

(5) D B A